प्रेषक,

संयुक्त शिक्षा निदेशक,
प्रथम मण्डल मेरठ।

सेवा में,

सचिव,
केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद
शिक्षा केन्द्र–2, समुदाय केन्द्र
प्रीत विहार, नई दिल्ली।

पत्रांक / एन0ओ0सी0 / /2024–25 दिनांक : 08/01/25

विषय :– एस0एच0वी0एम0 पब्लिक स्कूल, नारायणपुर बास्का पोस्ट धौलाना (गाजियाबाद) में जनपद गाजियाबाद के स्थान पर जनपद हापुड़ परिवर्तित करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक प्रधानाचार्य, एस0एच0वी0एम0 पब्लिक स्कूल, नारायणपुर बास्का पोस्ट धौलाना (गाजियाबाद) ने अपने पत्र दिनांक 07–01–2024 के द्वारा अवगत कराया है कि विद्यालय को सी0बी0एस0ई0 बोर्ड से सम्बद्वता को नवीनीकरण कराया जाना है। विद्यालय को इस कार्यालय के पत्रांक / माध्यमिक शिक्षा (NOC) अनुभाग / संख्या–4120 / मं0स0 / (027) / 2010 दिनांक 15–09–2010 के द्वारा एस0एच0वी0एम0 पब्लिक स्कूल, नारायणपुर बास्का पोस्ट धौलाना (गाजियाबाद) के नाम से अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्रदान किया गया था, तत्समय उक्त विद्यालय गाजियाबाद जनपद की सीमा के अन्तर्गत आता था, तदोपरान्त शासन द्वारा निर्गत गजट संख्या–2877 / 1–5–2011–153 / 2011–रा0–5 लखनऊ दिनांक 28 सितम्बर 2011 के अनुसार वर्तमान जिला गाजियाबाद की सीमाओं को परिवर्तित करते हुए नवसृजित जिला पंचशील नगर में सम्मिलित क्षेत्रों को छोड़कर शेष वर्तमान क्षेत्र में उसमें समाविष्ट होगें एवं उत्तर प्रदेश सरकार राजस्व अनुभाग–5 के शासनादेश संख्या–941 / 1–5–2012–155 / 2011–रा0–5 लखनऊ दिनांक 30 जुलाई 2012 के द्वारा सरकारी अधिसूचना संख्या–2877 / 1–5–2011–153 / 2011–रा0–5 लखनऊ दिनांक 28 सितम्बर 2011 का आंशिक उपान्तर करके राज्यपाल, उक्त अधिसूचना में सृजित विद्यमान जिला पंचशीलनगर का नाम परिवर्तित कर जिला हापुड़ किया गया।

अतः गजट संख्या–2877 / 1–5–2011–153 / 2011–रा0–5 लखनऊ दिनांक 28 सितम्बर 2011 एवं शासनादेश संख्या–941 / 1–5–2012–155 / 2011–रा0–5 लखनऊ दिनांक 30 जुलाई 2012 के अनुपालन में उक्त विद्यालय के नाम में अंकित जनपद गाजियाबाद के स्थान पर जनपद हापुड़ पढ़ा जाये।

संलग्नः–उक्तवत्।

भवदीय

(ओंकार शुक्ल)
संयुक्त शिक्षा निदेशक,
प्रथम मण्डल मेरठ।

पृष्ठांकन संख्या / एन0ओ0सी0 / 12785–89 /2024–25 तद् दिनांक।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– आयुक्त, मेरठ मण्डल, मेरठ।
2– जिलाधिकारी, गाजियाबाद / हापुड़।
3– जिला विद्यालय निरीक्षक, गाजियाबाद / हापुड़।
4– प्रधानाचार्य, एस0एच0वी0एम0 पब्लिक स्कूल, नारायणपुर बासका पोस्ट धौलाना (गाजियाबाद) वर्तमान जनपद हापुड़।

8/1/25

(ओंकार शुक्ल)
संयुक्त शिक्षा निदेशक,
प्रथम मण्डल मेरठ।

8/1/25



Scanned with OKEN Scanner